# जेईई मेन्स टॉपर्स सूची में तेलंगाना का दबदबा, नीलकृष्ण रहे टॉपर

■ सर्वाधिक 15 स्टूडेंट तेलंगाना से रहे हैं, दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश व महाराष्ट्र से 7-7 कैंडिडेट्स, तीसरे स्थान पर दिल्ली से 6 और राजस्थान से भी पांच के कैंडिडेट्स हैं

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में बैठने वाले 17.68 फीसदी विद्यार्थियों को जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम एडवांस के लिए क्वालीफाइ घोषित कर दिया गया है। जिनकी संख्या 25,0284 है। साथ ही इस परिणाम का विश्लेषण करने पर सामने आया कि यहां रिजल्ट के साथ जारी की गई सूची 56 कैंडिडेट की है जिनके 100 परसेंटाइल अंक आए हैं। 100 परसेंटाइल पाने वालों में दो लड़कियां भी शामिल हैं। नीलकृष्ण ने आल इंडिया टॉप किया है। वहीं रैंक-2 दक्षेस संजय मिश्रा रहे।

एजुकेशन एक्सपर्ट देव शर्मा ने बताया कि जॉइंट एंट्रेंस एग्जाम 2024 के जनवरी अटेंप्ट में एक भी छात्रा 100 परसेंटाइल के ग्रुप में शामिल नहीं हुई थी। जबकि जनवरी अटेम्प्ट में 23 कैंडिडेट्स इस सूची में शामिल थे। ऐसे में 33 विद्यार्थी इस साल अप्रैल अटेम्प्ट में 100 परसेंटाइल लेकर आए हैं। अप्रैल अटेंप्ट में 100 परसेंटाइल लाने वाली छात्राओं में कर्नाटक की सान्या जैन और दिल्ली की सनाया सिन्हा इसमें शामिल है। जबकि साल 2024 में परीक्षा देने वाली फीमेल कैंडिडेट्स की संख्या 4.30 लाख है। जबकि मेल कैंडिडेट दुगने से ज्यादा करीब 9.85 लाख हैं। परिणाम में 54 मेल कैंडिडेट्स 100 परसेंटाइल की क्लब में शामिल हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सीधे तौर पर ऑल इंडिया रैंक जारी नहीं की है। विद्यार्थियों को उनके परिणाम के साथ ही उनकी रैंक स्कोर कार्ड में जारी की गई है जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने सार्वजनिक नहीं किया है।

देव शर्मा ने बताया कि जेईई मेन 2024 के परिणाम के अनुसार 100 परसेंटाइल लाने वाले कैंडिडेट्स के राज्यों की गणना की जाए तो सर्वाधिक 15 स्टूडेंट तेलंगाना से हैं। ऐसे में तेलंगाना टॉपर देने वाले विद्यार्थियों में अग्रणी रहा है। बीते साल 2023 के परीक्षा परिणाम में भी तेलंगाना से 11 टॉपर कैंडिडेट निकले थे। दूसरे स्थान पर आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र है। जहां से 7-7 कैंडिडेट को 100 परसेंटाइल मिले हैं। इसके बाद इस सूची में तीसरे स्थान पर दिल्ली है। जहां से 6 कैंडिडेट 100 परसेंटाइल वाले हैं जबकि राजस्थान दूसरे स्थान से चौथे पर खिसक गया है। हालांकि टॉपर कैंडिडेट की संख्या में कोई अंतर नहीं आया है। बीते साल पांच स्टेट टॉपर थे इस बार भी पांच ही हैं। जबकि कर्नाटक से तीन और गुजरात, तमिलनाडु, हरियाणा व पंजाब से दो-दो स्टेट टॉपर हैं।

उत्तर प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, झारखंड और आउट ऑफ इंडिया से एक-एक स्टेट टॉपर हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 79 कैंडिडेट की सूची जारी की है जिन्हें स्टेट टॉपर्स की सूची में शामिल किया गया है। देश के 28 स्टेट, 8 यूनियन टेरिटरी और भारत के बाहर विदेशी परीक्षा केंद्रों को आउट ऑफ़ इंडिया के तौर पर शामिल किया गया है।ऐसे में 37 स्टेट के टॉपर्स में 79 स्टूडेंट है जबकि इस सूची में महज 15 स्टेट के 56 कैंडिडेट ही वह है जिनके 100 परसेंटाइल आए हैं। जबकि अरुणाचल प्रदेश, असम, दादर एंड नगर हवेली, दमन एवं दीव, गोवा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश, वेस्ट बंगाल, केरल, उत्तराखंड, लद्दाख, लक्ष्यद्वीप, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, उड़ीसा, पांडिचेरी, सिक्किम, त्रिपुरा व भारत के बाहर के देशों में परीक्षा देने वाले विद्यार्थी भी 100 परसेंटाइल नहीं ला पाए हैं।

यूपी से पिछली बार चार 100 परसेंटाइल वाले स्टूडेंट थे। इस बार यह संख्या महज एक रह गई है। महाराष्ट्र से जहां बीते साल दो कैंडिडेट 100 परसेंटाइल वाले थे इस बार यह संख्या सात पहुंच गई है। दिल्ली में बीते साल केवल दो कैंडिडेट थे इस बार यह संख्या छह है। जबकि पंजाब से इस सूची में पिछले साल कोई शामिल नहीं था इस बार दो कैंडिडेट है। पिछली बार सूची में शामिल पश्चिम बंगाल, केरल, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से 100 परसेंटाइल कैंडिडेट नहीं ला पाया है। यहां के स्टेट टॉपर भी हंड्रेड परसेंटाइल क्लब में नहीं है। कैटिगरी के अनुसार टॉपर्स की बात की जाए तो फीमेल कैटेगरी में दोनों टॉपर्स के 100 परसेंटाइल है। स्टेट टॉपर्स की लिस्ट में केवल दिल्ली और कर्नाटक से ही फीमेल कैंडिडेट शामिल हो पाई हैं। इसके अलावा जनरल कैटेगरी में टॉपर्स की संख्या 40, ईडब्ल्यूएस कैटिगरी में 6 ओबीसी में 10 और शामिल है सभी 100 परसेंटाइल वाले हैं। जबकि एससी व एसटी कैटेगरी के अभ्यर्थी 100 परसेंटाइल नहीं ले पाए है। दोनों टॉपर्स 99.99 परसेंटाइल वाले हैं।

# जेईई मेन-2024 : डुप्लीकेट एप्लीकेशन नम्बर वाले सैकड़ों विद्यार्थियों के परिणाम रोके

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन 2024 के परिणामों सैकड़ों विद्यार्थियों के अप्रैल सेशन के परिणाम रोके गए हैं। परीक्षा देने के बावजूद इन विद्यार्थियों के सेशन-2 के परिणाम जारी नहीं हुए हैं और परिणाम में डुप्लीकेट एप्लीकेशन नम्बर को कारण बताया गया है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि परिणाम जारी होने के साथ ही कई मामले ऐसे सामने आ गए जिसमें विद्यार्थियों के अप्रैल सेशन के परिणाम जारी नहीं किए गए थे और ऑल इंडिया रैंक जनवरी सेशन के परिणाम के आधार पर ही जारी की गई है। साथ ही इन विद्यार्थियों के अप्रैल सेशन के परिणामों में एन-ए (नॉट अवेलेबल) लिखा हुआ आ रहा है। इसके साथ ही एनटीए स्कोर वाले कॉलम में जनवरी के एप्लीकेशन नम्बर के साथ डूप्लीकेट शब्द लिखा हुआ दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि ये ऐसे विद्यार्थी हैं जिन्होंने जनवरी व अप्रैल सेशन की परीक्षा अलग-अलग रजिस्ट्रेशन नम्बर के आधार पर दी। एनटीए द्वारा इन विद्यार्थियों के अलग-अलग एप्लीकेशन नम्बर पर यूनीक मानते हुए उनकी एक ही ऑल इंडिया रैंक व कैटेगिरी रैंक जारी की गई है। अब इन विद्यार्थियों के सामने बड़ी चुनौती आ गई है कि अप्रैल सेशन की परीक्षा देने के उपरान्त भी इनके जनवरी सेशन पर मिली ऑल इंडिया रैंक एवं कैटैगिरी रैंक के आधार पर ही काउंसलिंग करनी होगी, जबकि हो सकता है कि इनकी अप्रैल की परीक्षा जनवरी के मुकाबले बेहतर हुई हो, जिससे इन्हें एनटीए स्कोर बेहतर होने की संभावना हो। आहूजा ने बताया कि आवेदन प्रक्रिया के दौरान इस तरह की कोई सूचना विद्यार्थियों के लिए जारी नहीं की गई थी कि अलग-अलग आवेदन क्रमांक पर अलग-अलग सेशन में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का परिणाम रोक लिया जाएगा।

यदि ऐसा होता तो आवेदन के दौरान ही उनके व्यक्तिगत विवरण को मिलाते हुए अप्रैल परीक्षा का आवेदन नए आवेदन क्रमांक से रोक लिया जाता। परन्तु अब एनटीए ने विद्यार्थियां के डाटा को मिलान कर अप्रैल परीक्षा के नए आवेदन को डुप्लीकेट मानकर परिणाम रोक लिए हैं। इन विद्यार्थियों के सामने भविष्य में यह एक चुनौती आ गई है कि ना तो इनकी अप्रैल आवेदन पर नई आल इंडिया रैंक जारी नहीं की जा सकती है और आगे बदलाव भी नहीं किया जा सकता। आहूजा ने बताया कि अप्रैल सेशन के लिए 10 लाख 67 हजार 959 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें 8 लाख 22 हजार 899 विद्यार्थियों ने अप्रैल के साथ-साथ जनवरी की परीक्षा भी दी। इसके अतिरिक्त 2 लाख 45 हजार 60 विद्यार्थी ऐसे रहे जिन्होंने अप्रैल परीक्षा के लिए आवेदन कर परीक्षा दी।

2 लाख 45 हजार विद्यार्थियों में से सैकड़ों विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने जनवरी और अप्रैल परीक्षा अलग-अलग रजिस्ट्रेशन नम्बर से परीक्षा दी। इन्हीं विद्यार्थियों के डाटा को फेच करने के बाद डुप्लीकेट एप्लीकेशन मानते हुए रिजल्ट जारी नहीं किए गए हैं। जेईई-एडवांस्ड की आवेदन प्रक्रिया 27 सेरूआहूजा ने बताया जेईई-मेन के परिणामों के बाद अब चयनित शीर्ष 2.50 लाख विद्यार्थियों को जेईई-एडवांस्ड की परीक्षा के लिए पात्र घोषित किया गया है।

जेईई-एडवांस्ड के आवेदन 27 अप्रैल शाम 5 बजे से प्रारंभ होंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 7 मई तक रखी गई है। विद्यार्थियों को जेईई-मेन के आवेदन क्रमांक एवं आवेदन के दौरान बनाए गए पासवर्ड से लागइन कर आवेदन करना होगा। जेईई-एडवांस्ड परीक्षा 26 मई को दो पारियों में होगी।

# मोशन एजुकेशन ने सफलता का परचम फिर लहराया

■ टॉप एक हजार में 44 विद्यार्थी, सलेक्शन रेशियो 68.01 प्रतिशत रहा

**कोटा,** (निसं)।। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन्स-2024 के परिणाम में मोशन एजुकेशन ने फिर सफलता का परचम लहराया है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से जारी जेईई मेन्स के परिणाम में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है।

मोशन के 10 हजार 132 विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स एग्जाम दिया था। इसमें से 6 हजार 891 का चयन जेईई एडवांस के लिए हुआ है। इस प्रकार मोशन का सलेक्शन रेशियो 68.01 रहा। दूसरी ओर राष्ट्रीय स्तर पर यह सलेक्शन रशियो केवल 17.68 प्रतिशत रहा है। जनरल और ओबीसी केटेगिरी के टॉप एक हजार में 44 मोशनाइट्स हैं। इनमें विशारद श्रीवास्तव ने 40वीं और ईशान गुप्ता ने 46वीं रैंक हासिल की। दोनों ने हंड्रेड पर्सेंटाइल अंक हासिल किए। इनके अलावा जयंत कुमार ने 99.998 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर 77 वीं रैंक हासिल की है। नितिन विजय ने बताया कि जेईई मेन-2024 में 99 परसेंटाइल से अधिक अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मोशन एजुकेशन में कोचिंग पर 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाएगी।

इसके अलावा 97 से 98.99 परसेंटाइल तक 93.99 प्रतिशत स्कॉलरशिप, 95 से 96.99 परसेंटाइल पर 69.96 प्रतिशत, 90 से 94.99 परसेंटाइल पर 63.63 प्रतिशत, 80 से 89.99 परसेंटाइल पर 51.51 प्रतिशत, 70 से 79.99 परसेंटाइल पर 45.45 प्रतिशत, 60 से 69.99 परसेंटाइल पर 36.36 प्रतिशत और 50 से 59.99 परसेंटाइल पर 30.30 प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जाएगी। अच्छे परिणाम की खुशी में मोशन के द्रोणा-2 कैम्पस में गुरुवार को सफलता का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में खुशी का माहौल रहा।

जॉइंट डायरेक्टर और जेईई डिवीजन के हेड रामरतन द्विवेदी, अकेडमिक हेड निखिल श्रीवास्तव, ऑन लाइन डिवीजन के हेड जीबी सर ने चयनित विद्यार्थियों और टॉपर्स का अभिनंदन किया। वक्ताओं ने कहा कि देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई मेन के परिणाम में मोशन के सितारों ने अपनी और फेकल्टीज की मेहनत के दम पर जोरदार चमक बिखेरी है।

## रिलायबल के 206 स्टूडेंट्स को 95 से अधिक पर्सेंटाइल स्कोर

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जारी किए गए जेईई-मेन 2024 के परिणामों में रिलायबल इंस्टीट्यूट का बेहतर परिणाम रहा है। कोटा में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर संस्थान के 206 स्टूडेंट्स ने 95 से अधिक पर्सेंटाइल स्कोर किया है। इसमें 45 स्टूडेंट्स ऐसे हैं जिन्होंने 99 से अधिक पर्सेंटाइल स्कोर किया है। वहीं 16 स्टूडेंट्स ऐसे हैं जिन्होंने टॉप-1000 में स्थान बनाया है। 8 स्टूडेंट्स ने टॉप-500 में स्थान बनाया है। 5 स्टूडेंट्स ने फिजिक्स, 2 ने कैमेस्ट्री व 2 ने मैथमेटिक्स में 100 पर्सेंटाइल स्कोर किया है। रिलायबल के आरूष आर्य ने ऑल इंडिया रैंक 345, क्रिशांग कृष्ण ने ऑल इंडिया रैंक 351, अक्षत पाण्डे ने एआईआर 593, दिव्य प्रकाश पाण्डे ने एआईआर-791 तथा सत्यम चक्रवर्ती ने एआईआर 895 प्राप्त की है।

# ब्राह्मण समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 9 जुलाई को

**कोटा,** (निसं)। सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर के तत्वावधान में दसवां ब्राह्मण आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 9 जुलाई को होगा जिसकी तैयारियां व्यापक रूप से जोरों पर है।

सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर के अध्यक्ष ओमप्रकाश टंकारियां एवं सम्मेलन संयोजक राजेंद्र शर्मा रंगपुर ने बताया कि सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर तृतीय के तत्वावधान में विगत 9 वर्षो से ब्राह्मण आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाता रहा है इसी क्रम में 9 जुलाई को सनाढ्य सामुदायिक भवन महावीर नगर प्रथम में दसवां आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। सनाढ्य ब्राह्मण सभा समिति महावीर नगर के तत्वावधान में आयोजित विवाह सम्मेलन की तैयारियों के लिए आयोजित बैठक में विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया संरक्षक मंडल बनाया गया वही कार्यक्रम के सह संयोजक, नियुक्त किए गए तथा कार्यक्रम के लिए सलाहकार समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम के सम्मेलन के कोषाध्यक्ष मंच व्यवस्था प्रभारी, मिडिया प्रभारी, पांडाल व्यवस्था के लिए सदस्य नियुक्त किए गए वही सम्मेलन की व्यवस्था के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया जिसमें भोजन व्यवस्था पेयजल व्यवस्था आवास एवं टेंट व्यवस्था, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था, प्रचार प्रसार समिति का गठन कर महिला मंडल एवं युवा मंडल को विशेष जिम्मेदारियां सौंपी गई।

समिति के महामंत्री रामस्वरूप शर्मा एवं कोषाध्यक्ष चंद्र कुमार पाठक ने बताया कि विवाह योग्य युवक-युवतियों के पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है इच्छुक कार्यालय में आकर एवं समिति सदस्यों से संपर्क कर पंजीकरण कर सकता है। मीडिया प्रभारी के.के.शर्मा कमल एवं जितेंद्र शर्मा ने बताया कि सनाढ्य सभा समिति के तत्वावधान में आयोजित विवाह समारोह में प्रतिपक्ष 31000 पंजीकरण की राशि रखी गई है सामूहिक विवाह सम्मेलन में समिति द्वारा प्रत्येक जोड़ों को मंगलसूत्र, चांदी की पायजेब बिछिया, नाक की सोने, की, अलमारी, पंखा सिलाई मशीन, बेड, सेंट्रल टेबल, ड्रेसिंग टेबल, गद्दा, तकिया, बेडशीट, सूटकेस दीवार घड़ी 11 बर्तन समेत सामग्री प्रदान की जावेगी। सम्मेलन के संयोजक राजेंद्र शर्मा रंगपुर ने बताया कि 9 जुलाई को प्रातः वर-वधू की उपस्थिति, प्रातः 7.00 बजे यज्ञोपवीत संस्कार एवं मंडल तथा कन्या का मंडल, प्रातः 11.00 बजे बरात निकासी वर पक्ष, प्रातः 11 तथा तोरण दोपहर 12.30 तथा पाणिग्रहण संस्कार दोपहर 1.30 बजे तथा आशीर्वाद समारोह 4.30 बजे तथा विदाई समारोह समय 5.00 बजे आयोजित किया जावेगा। सनाढ्य सभा समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश टंकारिया एवं सम्मेलन के संयोजक राजेंद्र शर्मा रंगपुर ने बताया कि सनाढ्य सभा समिति के सदस्यों एवं समाज के भामाशाहों के सहयोग से सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की तैयारियां जारी हैं सम्मेलन का प्रचार प्रसार अधिकाधिक जोड़ों को सम्मेलन में जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

